# झारखण्ड लोक सेवा आयोग,
# सर्कुलर रोड, राँची

## प्रेस विज्ञप्ति

**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड के अधीन झारखण्ड श्रम सेवा (तकनीकी) संवर्ग के अन्तर्गत कारखाना निरीक्षक (Inspector of Factories) के पद पर नियुक्ति परीक्षा के संबंध में आवश्यक सूचना।**

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड के अधीन झारखण्ड श्रम सेवा (तकनीकी) संवर्ग के अन्तर्गत कारखाना निरीक्षक (Inspector of Factories) के पद पर नियुक्ति हेतु अधियाचित रिक्तियों के आधार पर इच्छुक एवं अर्हताधारी भारतीय नागरिकों से विहित प्रपत्र में ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जाने के निमित्त **विज्ञापन संख्या–01/2025** प्रकाशित किया गया है जो कि आयोग के वेबसाईट www.jpsc.gov.in पर उपलब्ध है।

2. ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने से संबंधित महत्वपूर्ण तिथियाँ एवं अन्य निर्देश निम्नांकित हैं:–

| | | |
|---|---|---|
| (i) | ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की तिथि | दिनांक–08.07.2025 से दिनांक–29.07.2025 तक |
| (ii) | ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि | दिनांक–29.07.2025 समय–अपराह्न 05:00 बजे तक |
| (iii) | परीक्षा शुल्क भुगतान करने की अंतिम तिथि | दिनांक–30.07.2025 समय–अपराह्न 05:00 बजे तक |
| (iv) | हार्ड–कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक–13.08.2025 समय–अपराह्न 05:00 बजे तक |

3. अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन भरने की प्रक्रिया प्रारंभ करने के पूर्व आयोग के वेबसाईट पर प्रदर्शित विस्तृत विज्ञापन, ऑनलाईन आवेदन भरने हेतु आवश्यक एवं विस्तृत निर्देशों का भली–भाँति अध्ययन कर लेंगे।

4. विज्ञापन से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए आयोग के Help Line No. +917979970392 एवं +918340331314 पर केवल कार्य दिवस में पूर्वाह्न–10:00 बजे से अपराह्न–05:00 बजे तक संपर्क किया जा सकता है।

5. यह प्रेस विज्ञप्ति आयोग के वेबसाईट **www.jpsc.gov.in** पर भी उपलब्ध है।

ह0/–
परीक्षा नियंत्रक,
झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची।